## खबर संक्षेप

### बाइकों की भिडंत में एक युवक की मौत

**जींद।** गांव बीबीपुर के निकट तेज बाइकों के बीच हुई भिडंत में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।गांव बीबीपुर निवासी प्रवीण शहर में निजी फर्म में कार्य करता था। बीती रात वह बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था।

### कार की चपेट में आने से बाइक चालक घायल

**कैथल।** कस्बा सीवन में कार की चपेट में आने से एक बाइक चालक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव उमेदपुर के सुखदेव ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह खेती-बाड़ी का काम करता है। 20 अप्रैल को दोपहर के करीब 12:00 बजे जब वह अपनी बाइक पर सवार होकर सीवन से कांगथली जा रहा था।

### अवैध असलहा के साथ एक चढ़ा पुलिस हत्थे

**जींद।** सीआइए स्टाफ ने गांव गतौली नहर पुल के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद किया है। जुलाना थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गतौली नहर पुल पर एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है।

### युवती को भगाने के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** पूंडरी पुलिस ने एक युवती को भगा ले जाने के रूप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पूंडरी पुलिस के तहत आने वाले क्षेत्र के एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 21 अप्रैल को नरेश उर्फ नेसा ने गांव बरसाना से उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर भगा ले गया। उसने आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

### गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दो घायल, केस दर्ज

**जींद।** गांव धमतान साहिब के निकट तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। गढ़ी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धमतान साहिब निवासी अमनदीप तथा रमन रात को बाइक पर सवार होकर कालवन जा रहे थे। गांव से निकलते ही सामने से आ रही तेजरफ्तार गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी।

### गांव सिसला में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** गांव सिसला में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव सिसला के मनजीत ने तितरम पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि रंजिश को लेकर 21 अप्रैल को गांव के ही राम मेहर, साहिल, बंटी, बजरंग, राकेश और श्योनन ने लाठी डंडे से हमला करते हुए उसे घायल कर दिया।

### गांव दनौदा कलां में मां व बेटी के साथ मारपीट की

**जींद।** दनौदा कलां में मां व बेटी के साथ मारपीट करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने दो महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दनौदा कलां निवासी रेखा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके बच्चों की पड़ोसी बच्चों से कहासुनी हो गई थी।

### 19 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**कैथल।** शहर की एक कॉलोनी से 19 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। इस मामले में युवती की मां ने सिविल लाइन थाना में केस दर्ज करवाया है।कलायत थाना के तहत आने वाले एक गांव निवासी महिला ने सिविल लाइन थाना में दी शिकायत में बताया कि उसके पास दो लड़की और एक लड़का है।

## समाजसेवी संस्थाओं ने कैंडल मार्च निकाल दिया शांति का संदेश, एबीवीपी ने फूंका आतंकवाद का पुतला

# पहलगाम में आतंकवादी हमले से लोगों में गुस्सा

### हमले के दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग

### धर्म के आधार पर गोली मारना बहुत ही बड़ा निंदनीय कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

पहलगाम में आतंकवादी हमले की घटना पर लोगों में उबाल है। बुधवार को सामाजिक संगठनों ने जहां आतंकवाद के पुतले फूंके वहीं शाम को कैंडल मार्च निकाला। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आतंकवाद का पुतला फूंका। क्योंकि जम्मू के पहल गांव में पर्यटकों से उनका धर्म पूछ-पूछ कर गोली मारी गई। इकाई अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि भारत देश में हिंदू समाज बहुत बड़ी संख्या में है। फिर भी उनको इस तरह उनके धर्म के आधार पर गोली मारना एक बहुत ही बड़ा निंदनीय कार्य है। क्या कभी यह देखा गया कि पाकिस्तान में रहने वाले मुसलमान के ऊपर अत्याचार हुआ। एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी रोहन सैनी ने बताया कि भारत देश एक सेक्युलर देश है। फिर भारत देश में धर्म पूछ कर हिंदुओं को मार देना यह बहुत एक गैर की पूर्ण हरकत है। दीपक ने बताया कि इसके पीछे सरकार का सहयोग होता है और साथ ही साथ स्थानीय प्रशासन और व्यक्ति भी पैसे के लेन-देन के चक्कर में इस तरह की हरकत कर देते हैं। प्रतीक शर्मा ने बताया कि इस विषय के ऊपर सरकार को जल्द से जल्द संज्ञान लेना चाहिए। इस मौके पर रवि जोशी, शुभम, भरत आदि एबीवीपी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनेलो ने जम्मू कश्मीर के पहल में हुए आतंकी हमले की निंदा की है और दोषियों को सख्त से सख्त सजा की मांग की है। जिला प्रधान विजेन्द्र रेढू कहा कि उन्हें सुरक्षाबलों और आर्मी और पुलिस पर पूरा भरोसा है। ऐसे कायर लोगों को शीघ्र ही गिरफ्तार करके सारा राज उगलवा कर मौत के घाट उतारने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हिंदू राष्ट्र में हिंदुओं को ही हिंदू धर्म के नाम से चुन-चुन कर मारा जा रहा है। सीपीआईएम ने की पहलगाम नरसंहार की निंदाः भारत की कम्युनिस्ट पार्टी जिला कमेटी ने जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की बर्बर हत्या की कड़ी निंदा की है। जिला सचिव कपूर सिंह ने कहा कि इस भयावह अपराध की जितनी निंदा की जाए, उतना कम है। इस क्रूर हमले में मारे जाने वालों में हरियाणा के करनाल से नेवी आफिसर भी शामिल हैं। जिनकी छह दिन पहले शादी हुई थी। इस जघन्य अपराध के दोषियों को गिरफ्तार कर उन्हें सजा दी जानी चाहिए। पुलिस और सुरक्षा बल केंद्र सरकार के अधीन हैं। केंद्र सरकार को इस घृणित हमले के जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए कोई कसर नहीं छोडऩी चाहिए। जघन्य कृत्य को अंजाम देने वाले देश और विशेष रूप से कश्मीर के लोगों के दुश्मन हैं। केंद्र सरकार की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह हमले की सभी पहलुओं से जांच करे। जिसमें भीड़भाड़ वाले पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा की कमी भी शामिल है।



जींद। आतंकवाद का पुतला फूंकते एबीवीपी सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

### एसएफआई ने की आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा

**कैथल।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए भीषण आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है, जिसमें 28 निर्दोष लोगों की जान चली गई। हम पीड़ितों के शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, और एसएफआई की केंद्रीय कार्यकरिणी कमेटी उनके शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करती है। इस जघन्य अपराध के अपराधियों को तुरंत पकड़ा जाना चाहिए और उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। चूंकि पुलिस और सुरक्षा बल केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आते हैं इसलिए इस तरह के हमले को रोकने में विफल रहने के लिए केंद्र सरकार को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। वर्तमान स्थिति में, यह आवश्यक है कि इस कायरतापूर्ण कृत्य के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ा जाए और उन्हें दंडित किया जाए। हम केंद्र सरकार से इस त्रासदी के हर पहलू की गहन जांच करने का आग्रह करते हैं, जिसमें घाटी में पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा संबंधी ऐसी बड़ी चूक भी शामिल है।

### डीवाईएफआई ने निंदा की

डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बायसरण घाटी में हुए बर्बर आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और इस हमले को कायराना हरकत बताते हुए कहा कि यह हमला हमारे देश की सामाजिक एकता और नागरिक स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। जिला प्रधान अजैब गुरुसर ने कहा कि यह हमला न केवल एक सुरक्षा चूक का गंभीर प्रमाण है बल्कि केंद्र सरकार की नाकामी को भी उजागर करता है। कहा कि जब केंद्र सरकार और गृह मंत्रालय देश की आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाते हैं, तो ऐसे भीषण हमलों के लिए उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। कहा कि देश की जनता से जीरो टॉलरेंस फॉर टेररिज्म का वादा करने वाली सरकार खुद अपने वादों पर विफल रही है। घाटी में बढ़ती आतंकी गतिविधियां इस बात का संकेत हैं कि जमीनी स्तर पर कोई ठोस नीति लागू नहीं हो पा रही है। डीवाईएफआई केंद्र सरकार से मांग करता है कि इस हमले की निष्पक्ष और गहन जांच कर दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए। साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को नैतिक जिम्मेदारी लेते अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। अगर सरकार जनता की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकती तो उसे सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते डा. मिड्ढा। *फोटो :हरिभूमि*

### पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वालों को झेलम से पाक भेज देना चाहिएः मिड्ढा

### पहलगाम अटैक पर बोले डिप्टी स्पीकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने पहलगाम में आतंकवादी हमले पर बोलते कहा कि हिंदू जब तक शांत है तब तक शांत है लेकिन अगर हिंदू ने शस्त्र उठा लिया तो उनका यहां रहना मुश्किल हो जाएगा। जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वालों को झेलम नदी के जरिए पाकिस्तान में ही भेज देना चाहिए। डिप्टी स्पीकर ने पहलगाम में हुए नरसंहार की निंदा करते हुए कहा कि दहशतगर्दियों ने स्वर्ग में दहशत फैलाने का काम किया है। वहां लाखों की संख्या में लोग घूमने के लिए जाने लगे थे लेकिन अब जम्मू कश्मीर सूना हो जाएगा। लोग डर के मारे वहां घूमने नहीं जा पाएंगे। आतंकवादियों ने जिस तरह के धर्म पूछ कर मारने का काम किया हैए यह बहुत ही निंदनीय है। उनके धर्म में ऐसा सीखाया जाता होगा लेकिन हमारे हिंदू धर्म में शालीनता से रहना सीखाया जाता है। जो अपने आप को पांच टाइम के नमाज पढऩे वाले बताते हैं और ऐसा करते हैंए उन्हें सोचना चाहिए कि किस तरह की शिक्षा मिल रही है। इन्होंने तो औरंगजेब को भी फेल कर दिया है लेकिन वह बता देना चाहते हैं कि इसका अंजाम अब उन्हें भुगतना पड़ेगा। आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारा जाएगा। अब उनका अंत नजदीक है। अब मोदी का भारत है। देश के गृह मंत्री पूर्व की सरकारों की तरह नहीं हैं जो एक जगह बैठकर बयान देते थे। गृह मंत्री अब उस स्थान पर पहुंचे हैं। पीएम ने दौरा कैंसिल कर दिया।



कलायत। एसडीएम कार्यालय में प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हिंदू संगठनों के सदस्य।



कैथल। घटना के विरोध में नारेबाजी करते दुकानदार व हिंदू सामाजिक संगठन।

### इस्लामिक आतंकवाद का पुतला फूंककर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

पिहोवा चौक पर शाम को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल कैथल वि संत त्रिवेणी दास महाराज व रमणपुरी महाराज की अगुवाई में समस्त हिंदू समाज एकत्रित हुआ व कल जम्मू कश्मीर में पहलगाम में हुए नर संहार को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया व इस्लामिक आतंकवाद का पुतला फूंका। जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष चंद्रभान मित्तल ने बताया कि जिस तरह कल घाटी में धर्म पूछ पूछ कर लोगों को मारा है। यह दर्शाता है कि इस्लामिक आतंकवाद देश में किस हद तक पनप चुका है व लोगों को धर्म पूछ कर गोलियां मारी जा रही है। राजनीतिक लोग हमारे देश के लोगों को जातियों के नाम पर बांट रहे हैं लेकिन सामने वाले सिर्फ धर्म पूछ कर गोली मार रहे हैं। सरकारें सबका साथ सबका विकास पर जोर दे रही है लेकिन विशेष समुदाय के लोग हर बार हिंदुओं के साथ बर्बरता पर उतरे हुए है और पाकिस्तान पार से मिल रहे आतंकवाद के इस बढ़ावे को सरकार को जड़ से खत्म करना चाहिए। कश्मीर में भी आतंकियों का सफाई अभियान चलाना चाहिए क्योंकि बिना स्थानीय लोगों की सहायता के इतनी बड़ी घटना को अंजाम देना संभव नहीं है। आज पूरे देश में इस बात को लेकर रोष प्रदर्शन किए जा रहे हैं क्योंकि जिन 26 लोगों को मारा गया है वो पर्यटक के रूप में कश्मीर घूमने गए थे किसी की नई नई शादी हुई थी तो कोई अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने गया था लेकिन देश के अलग-अलग हिस्सों के 26 लोगों को मार कर उन्होंने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। इसके विरोध में पिहोवा चौक पर इस्लामिक आतंकवाद का पुतला फंक कर रोष प्रकट किया गया।

### आतंकवाद को मुंह तोड़ जवाब देने की मांग

**कलायत।** पहलगाम कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा चुन-चुन कर हिंदुओं को मारने के विरोध में विश्व हिंदू परिषद सहित विभिन्न संगठन बुधवार को सडक पर उतर आए। आतंकवाद को मुंह तोड़ जवाब देने की मांग को लेकर हिंदू संगठनों ने कलायत में नारेबाजी की। एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। विहिप जिला उपाध्यक्ष बीरभान निर्मल ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने निर्दोष सैलानियों को धर्म पूछ-पूछ कर गोलियों से मौत की नींद सुलाया। यह हर किसी को बुरी तरह झिंझोर देने वाली वारदात है। इस दर्द को भूला पाना आसान नहीं। सहमंत्री निशीकांत शर्मा, विशाल शांडिल्य, युवा हिंदू संगठन अध्यक्ष रूप शर्मा, अनिरुद्ध गौतम, पार्षद रवीद्रंर निर्मल बंटी, पार्षद जगदीश, दीपक निर्मल, महेंद्र रायका, अजय और सदानंद शर्मा ने कहा कि आज हर आंख-हर दिल इस घटना को लेकर रो रहा है। अभी पश्चिमी बंगाल मुर्शिदाबाद में जलाए गए हिंदुओं की राख अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि कश्मीर में चुन चुन कर 27 हिंदुओं की सरेआम हत्या कर दी ।

### आस्था मोदी ने संभाला कैथल एसपी का कार्यभार

**कैथल।** आईपीएस आस्था मोदी ने बुधवार को कैथल के 49वें एसपी के तौर पर कार्यभार संभाल लिया। प्रवक्ता ने बताया कि आस्था मोदी पूर्व में भी 16 नवंबर 2017 से 20 नवंबर 2018 तक बतौर कैथल एसपी सेवाएं दे चुकी है। एसपी फतेहाबाद से कैथल एसपी के तौर पर ज्वाइन करने के बाद आईपीएस आस्था मोदी ने जिले में कानून व्यवस्था व महिला सुरक्षा तथा नशे की रोकथाम को प्राथमिकता देने की बात कही। नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी अपराध की रोकथाम व अपराधियों पर विशेष रूप से लगाम लगाने व आमजन की जानमाल की सुरक्षा के लिए सुरक्षा तंत्र को और मजबूत किया जाएगा। कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने, नशे के कारोबारियों पर शिकंजा कसने सहित सभी अपराधों की रोकथाम के लिए एक प्लानिंग के तहत काम किया जाएगा।

## जींद बिजली निगम के एसई फिर से सस्पेंड

- मंत्री विज के आदेश पर हाई कोर्ट ने लगाई थी रोक, महिपाल ढांडा का फोन नहीं उठाने पर हुई थी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

बिजली निगम के एसई हरिदत्त को फिर से सस्पेंड किया गया है। इससे पहले शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा की सिफारिश पर बिजली मंत्री अनिल विज ने हरिदत्त को सस्पेंड किया था। एसई हरिदत्त इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में चले गए थे। हाई कोर्ट ने विज के फैसले पर सस्पेंशन का कारण नहीं बताने को आधार बनाते रोक लगा दी थी और साथ ही ये कहा था कि किसी कारण के साथ सरकार चाहे तो वह इस मामले में नए आदेश कर सकती है। इसके बाद सरकार ने बुधवार को दोबारा से सस्पेंशन का लैटर जारी कर दिया। गोरतलब है कि शिक्षा मंत्री ढांडा जींद में जिला परिवेदना समिति के अध्यक्ष हैं। वह जींद में आए थे तो इस दौरान किसानों की समस्याएं होने पर एसई को फोन किया था लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। एसई को कई बार फोन करने के बाद भी फोन नहीं उठाने और बाद में कॉल बैक नहीं आने से मंत्री नाराज हो गए थे।

## कच्चे कर्मचारियों को स्थायी किया जाए

- नपा कर्मियों का प्रदर्शन सरकार की नीतियों के खिलाफ गूंजा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुहला-चीका

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा और सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर, नगर पालिका चीका और दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आज नगर पालिका कार्यालय के सामने एक गेट मीटिंग कर जोरदार प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन ब्लॉक प्रधान पृथ्वी राम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जबकि मंच का संचालन सागर ने किया। गेट मीटिंग में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, ब्लॉक कमेटी चीका के प्रधान पवन शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। अपने संबोधन में पृथ्वी राम ने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार नगर पालिका, परिषद, निगम और दमकल विभाग के कर्मचारियों का निरंतर शोषण कर रही है और उन पर नई योजनाओं का अनावश्यक भार डाल रही है। उन्होंने विशेष रूप से सफाई कर्मचारियों पर लागू किए गए एमएस ऐप का विरोध करते हुए कहा कि यह ऐप कर्मचारियों के हितों के विरुद्ध है और इसे अविलंब वापस लिया जाना चाहिए।



गुहला-चीका। नपा कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन करते हुए।

### संदिग्ध करंट से मौत के मामले में हत्या का केस दर्ज

**जींद।** गांव लुदाना में एक माह पहले संदिग्ध हालात में करंट से युवक की हुई मौत के मामले में पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने मृतक की पत्नी समेत दो लोगों को नामजद कर कुछ अन्य खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। मृतक की आरोपित पत्नी भी एक सप्ताह पहले आत्महत्या कर चुकी है। इसी कड़ी में मुख्य आरोपित सोनू की भी आत्महत्या कर चुकी है। गांव लुदाना निवासी सुरेद्र की गत 26 मार्च को संदिग्ध हालात में करंट लगने से मौत हो गई थी। परिजनों ने इत्तफाकिया मान 27 मार्च को अतिम संस्कार कर दिया था। मृतक सुरेंद्र के परिजनों का कुछ ऐसे सबूत हाथ लगे, जिसमे मृतक की पत्नी पूजा तथा परिवार का ही सोनू संदेह के दायरे में आ गए। मामला उजागर होता देख गत 16 को मृतक सुरेंद्र की पत्नी पूजा ने भी जहर निगल आत्महत्या कर ली थी।

**सुविधा** | हिंदू कन्या कॉलेज में उच्च शिक्षा के लिए छात्रों को छात्रवृत्ति एवं फीस रियायत की घोषणा

बेटियों को शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम तक पहुंचाना लक्ष्य : डा. अंशुल

# 75% से अधिक अंक पाने वाली छात्रा की सौ प्रतिशत फीस माफ

**प्राचार्या सम्मानित**



हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

हिंदू कन्या कालेज की प्रबंधक समिति ने जिले की बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने के लिए विशेष छात्रवृत्ति एवं फीस रियायत योजना की घोषणा की है। हिंदू कन्या महाविद्यालय के प्रधान अंशुल सिंगला ने बताया कि हमारा लक्ष्य हर बेटी को शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम तक पहुंचाना है। 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाली छात्रा की 100 प्रतिशत फीस माफ होगी। इसके अलावा 65 से 75 प्रतिशत अंक पर फीस में 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर की खेल विजेता छात्राएं की 100 प्रतिशत फीस माफ होगी। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर की सहभागिता करने वाली छात्रा की फीस में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इस पहल के प्रचार-प्रसार के लिए महाविद्यालय की शिक्षा प्रचार प्रसार समिति की अध्यक्षा डा. उपासना गर्ग एवं सदस्य वंशिका जिंदल ने राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोपाल विद्या मंदिर एवं नव दुर्गा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, आधारशिला पब्लिक स्कूल, दालमवाला पब्लिक स्कूल, निर्जन के सरकारी स्कूल जींद का दौरा किया एवं स्कूल प्राचार्यगण को सम्मान चिन्ह भेंट किए।

### तीन स्कूलों का दौरा किया

साथ ही उन्हें कालेज कार्यकारिणी समिति की इस मकसद से परिचित करवाया कि कोई भी छात्रा पैसे के अभाव में शिक्षा से वंचित नही रहे। इसी दृष्टिकोण से उपरोक्त छात्रवृत्ति योजनाएं प्रथम वर्ष में दाखिला लेने वाले छात्राओं के लिए पिछले साल से शुरू की गई हैं। इसी योजना के तहत तीन स्कूलों का दौरा किया।



पाई। अनाज मंडी में उठान न होने को लेकर परेशानी जताते आढ़ती।

### गेहूं की बोरियों का उठान नहीं होने से किसान परेशान

**पाई।** करोड़ा गांव की अनाज मंडी से गेहूं की बोरियों का उठान न होने से किसान मजदूर आड़ती परेशान हो चुके हैं। आढ़तियों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि उनकी मंडी से जल्दी से जल्दी उठान करवाया जाए। मंडी प्रधान महावीर शर्मा ने बताया कि गेहूं की बोरियां खुले आसमान में रखी हुई है और यदि मौसम खराब हो जाता है और बारिश हो जाती है तो सारा गेहूं खराब हो जाएगा। उन्होंने बताया कि जब तक उठान नहीं होगा तब तक किसानों के खाते में पैसे भी नहीं जाएंगे और ना ही मजदूर को उनकी मजदूरी। उन्होंने बताया कि पहले विधायक सतपाल जांबा अनाज मंडी में निरीक्षण करने पहुंचे थे और कहां था की किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी लेकिन अब किसान मजदूर और आढ़तियों की सुध लेने वाला कोई नहीं। उन्होंने यह भी बताया कि गेहूं की भरी हुई बोरियां कच्ची जमीन पर भी पड़ी है और यदि उनको जल्दी ही नहीं उठाया गया तो उसको दीमक लग जाएगी।

## खबर संक्षेप

### कूडा डालने के विवाद में तीन घायल, मामला दर्ज

**जींद।** गांव लखमीरवाला में मकान के आगे कूड़ा डालने को लेकर विवाद में तीन लोग घायल हो गए। सदर थाना पुलिस ने घायल पक्ष की शिकायत पर छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। लखमीरवाला निवासी विकास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पड़ोसी बलवान की पुत्रवधु मकान के आगे कूड़ा डाल गई। जिसको लेकर कहासुनी हो गई।

### पुरस्कार वितकरण कार्यक्रम 25 को

**जींद।** राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना में वार्षिक पारितोषिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा। मुख्य अतिथि के तौर पर चुरू लोकसभा से सांसद राहुल कासवां एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह पहुंचेंगे। प्रिंसिपल आईएस लाखलान, डा. राजेश श्योकंद ने बताया कि अकेडमिक, खेलकूद, सांस्कृतिक, एनसीसी, एनएसएस एवं अन्य गतिविधियों में अव्वल छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।

### मकान का ताला तोड़कर आभूषण और नकदी चोरी

**जींद।** गांव सिवाहा में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोने, चांदी के जेवरात व नगदी को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सिवाहा निवासी विनोद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई मुंबई मे रहता है। उसके मकान पर ताला लगा है। चोरों ने मकान का ताला तोड़ सोने का सेट, कंगन, चांदी की तागड़ी 11 हजार की नकदी चुरा ली।

### मानिक-आलिशा ने जेइइ मेंन की परीक्षा पास की

**नरवाना।** एसडी पब्लिक स्कूल की सत्र 2024.25 में 12 वी की परीक्षा पास करने के बाद छात्र मानिक जैन एवं छात्रा आलिशा ने जेइइ मेंन 2025 परीक्षा में 97:23: एवं 95 अंक लेकर परीक्षा पास कर विधालय का नाम रोशन किया। प्राचार्या अनिता मलिक ने अपने सदेश में कहा कि दोनों छात्र.छात्रा ने उनके स्कूल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किए है और बहुत अनुशासित रहे हैं।

### ब्यूटी पार्लर से नकदी व मोबाइल फोन चोरी

**जींद।** गांव उझाना में बीती रात चोरों ने ब्यूटी पार्लर से मोबाइल फोन तथा 31 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। गढ़ी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव उझाना निवासी भीम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी ब्यूटी पार्लर चलाती है। चोरों ने पार्लर से 31 हजार रुपये की नगदी तथा मोबाइल फोन को चोरी कर लिया।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** चंद्रलोक कालोनी से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चंद्रलोक कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 17 वर्षीय भतीजी रात को खाना खा कर कमरे में सो गई थी। जो सुबह गायब मिली। पूछताछ करने पर उसकी भतीजी का सुराग नही लगा।

### दो दुकानों के टूटे ताले, नकदी चोरी

**जींद।** घंटा घर के निकट बीती रात चोरों ने दो दुकानों के ताले तोड़ कर लगभग साढ़े 26 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रोहतक रोड निवासी सुनील तथा सियाराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी घंटाघर के पास आमने-सामने दुकाने हैं।

### पानी विवाद में चार घायल पांच के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** कालवन में पंचायती नल से पानी भरने के दौरान विवाद में चार लोग घायल हो गए। गढ़ी थाना पुलिस ने घायल पक्ष की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कालवन निवासी सोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका पंचायती नल पर पानी भरते समय गांव के ही राममेहर से तकरार हो गई।

---

### कच्चे में गेहूं उतार से किसान परेशानी में आढ़ती

# आढ़तियों को दो साल से मंडी में तृतीय भाग के निर्माण का इंतजार

### डेढ़ साल से नही मिली निर्माण को लेकर प्रशासनिक मंजूरी

किसानों को कच्चे में ही फसल उतारने को मजबूर होना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



जुलाना। मंडी में कच्चे में उतारा गया गेहूं। फोटो :हरिभूमि

जुलाना कस्बे की नई अनाज मंडी में गेहूं की आवक तेजी से हो रही है। आवक तेजी से होने के कारण मंडी में किसानों और आढ़तियों को फसल डालने में काफी परेशानियों से होकर गुजरना पड़ रहा है। क्योंकि दो साल के इंतजार के बाद भी मंडी में तृतीय भाग का निर्माण नही हो पाया है। ऐसे में किसानों को मंडी में कच्चे में ही फसल उतारने को मजबूर होना पड़ रहा है। कई बार इस समस्या से उच्च अधिकारियों को भी अवगत करवाया गया लेकिन कोई भी समाधान नही हो पाया है। मंडी में अब तक आठ लाख 21 हजार किवंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। मंडी में लगभग साढ़े नौ लाख किवंटल गेहूं की आवक होने की संभावना है। मंडी में आढ़तियों को जगह नही मिल रही है। ऐसे में खुले मैदान में और कच्चे में ही गेहूं की फसल उतरवाई जा रही है। अगर आगामी दिनों में बरसात आती है तो किसानों और आढ़तियों की परेशानियां बढ़ती हुई नजर आएंगी। आढ़तियों ने कई बार मांग की है कि मंडी में तृतीय भाग के प्लेटफार्म का निर्माण करवाया जाए ताकि मंडी में किसानों को फसल डालने में कोई परेशानी ना हो। मंडी में जल्द बने तृतीय भाग का प्लेटफार्मः जुलाना मंडी एसोसिएशन प्रधान पवन लाठर ने बताया कि मंडी में आवक तेजी से हो रही है लेकिन उठान धीमी गति से हो रहा है। मंडी में किसानों को फसल डालने के लिए जगह नही मिल रही है तो आढ़तियों को कच्चे में ही फसल उतारने पर मजबूर होना पड़ रहा है। हालांकि फसल के नीचे तिरपाल बिछाया जाता है। आढ़तियों की मांग है कि मंडी में तृतीय भाग के प्लेटफार्म का निर्माण जल्द से जल्द करवाया जाए ताकि मंडी में किसानों और आढ़तियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो।

#### निर्माण के लिए मसौदा भेजा

मार्केटिंग बोर्ड के सहायक उपमंडल अभियंता नरेश तायल ने बताया कि मंडी में तृतीय भाग के निर्माण के लिए मसौदा मुख्यालय भेजा गया है। मंडी में प्लेटफार्म के निर्माण के लिए लगभग सात करोड़ का अस्टीमेट भेजा गया है लेकिन अभी तक प्रशानिक मंजूरी नही मिली है। जैसे ही मंजूरी मिलेगी तुरंत प्लेटफार्म का निर्माण करवाया जाएगा।

---

# पुस्तकें मनुष्य की मित्र : रविंद्र

- मोतीलाल स्कूल में विश्व पुस्तक दिवस के उपलक्ष्य में विशेष सभा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। कार्यक्रम में भाग लेते मोतीलाल स्कूल के बच्चे। फोटो :हरिभूमि

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में विश्व पुस्तक दिवस के उपलक्ष्य में विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकें पढने के लिए प्रेरित करना, पठन संस्कृति को बढ़ावा देना तथा पुस्तकों के महत्व को रेखांकित करना था। इस विशेष सभा की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में सुबह हुई। प्रार्थना सभा में समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना से हुआ। जिसके पश्चात विद्यालय के वरिष्ठ छात्रों ने पुस्तक दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इसकी अंतरराष्ट्रीय मान्यता एवं पुस्तकों के महत्व पर एक लघु प्रस्तुति दी। विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार ने पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुस्तकें मनुष्य की सबसे सच्ची मित्र होती हैं। यह न केवल ज्ञान का भंडार होती हैं बल्कि हमारे चरित्र निर्माणए सोचने की क्षमताए कल्पना शक्ति और जीवन मूल्यों के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। जब हम एक अच्छी पुस्तक पढ़ते हैं तो वह हमारी सोच को व्यापक बनाती है।



जींद। विद्यार्थियों को संबोधित करते सीजेएम। फोटो :हरिभूमि

#### साइबर क्राइम के खिलाफ किया जागरूक

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका की अध्यक्षता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौदा में साइबर क्राइम विषय पर कानूनी साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया। प्राधिकरण सचिव मोनिका ने उपस्थित विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए बताया कि हमारा समाज विकसित हो रहा है। इसके साथ ही मनुष्य की आपराधिक भावना भी बढ़ रही है मानव को पिछले युग में कई बदलाव देखने को मिले हैं कुछ आपराधिक दिमाग वाले लोग समाज की वस्तुओं को निशाना बनाता है। ऑनलाइन शॉपिंग धोखाधड़ी, लॉटरी एवं निवेश घोटालेए बैंकिंग और यूपीआई धोखाधड़ी आदि से साइबर धोखाधड़ी हो रही है।

### पराली जलाने से बचें किसानः मोहम्मद रजा

**जींद।** जिले की अनाज मंडियों में रबी सीजन की गेहूं फसल की आवक सुचारू रूप से चल रही है और खरीद प्रक्रिया भी जारी है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि गत दिवस तक जिले भर की मंडियों और खरीद केंद्रों पर कुल 5,16,005 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। जिसे विभिन्न सरकारी एजेंसियों ने खरीदा है। खरीद के आंकड़ों पर प्रकाश डालते हुए उपायुक्त ने बताया कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 1,70,222 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 2,00,471 मीट्रिक टन, एफसीआई द्वारा 4,733 मीट्रिक टन और एचडब्ल्यूसी द्वारा 1,40,579 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। उपायुक्त ने किसानों से अपील की कि वे मंडियों में अपनी फसल निर्धारित समय और क्रम के अनुसार ही लेकर आएं ताकि खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। बताया कि पराली जलाना न केवल वायु प्रदूषण को बढ़ाता है।

---

#### भगवान परशुराम जन्मोत्सव का न्योता दिया

**जींद।** राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा बुधवार को भटनागर कालोनी में पहुंचे और 27 को पंचकूला में होने वाले राज्यस्तरीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव का निमंत्रण दिया। मुख्यअतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी होंगे। पंडित विनोद शर्मा कार्यक्रम के संरक्षक हैं। यहां कार्यक्रम में पहुंचने पर समाज के लोगों द्वारा पगड़ी पहनाई गई। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने भी लोगों से गर्मजोशी के साथ मुलाकात की और उनका हाल-चाल जाना। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि वो राज्यसभा सांसद होने के नाते आपके बीच में नही आए हैं। वो आपके बेटे और भाई के तौर पर आपके बीच पहुंचे हैं। जिस तरह से जींद में, जींद की पावन धरा पर वो आए हैं तो उन्हें भरपूर सहयोग यहां की जनता का मिला है। उन्हें तथा उनके पिता पंडित विनोद शर्मा को जींद से बेहद प्यार मिला है।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा।



सफीदों। मंडी में पड़े गेहूं के ढेर व बोरियों के स्टैक। फोटो :हरिभूमि

#### गेहूं का उठान न होने से पेमेंट रूकी

**सफीदों।** फीदों अनाज मंडी में गेहूं का सीजन जोरशोर से चल रहा है। किसानों के खेतों से तो काफी हद तक गेहूं मंडी में आ चुकी है। मंडी में जहां पर नजर दौड़ाओं वहीं पर गेहूं के बड़े-बड़े ढेर व बोरियों के स्टैक नजर आते हैं। मंडी में कहीं पर भी कोई स्थान बाकी नहीं है। मंडी में सबसे अधिक दिक्कत उठान कार्य में आ रही है। अगर यूं कहें तो भी कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि मंडी में उठान का कार्य कछुआ चाल से हो रहा है। अगर आंकड़ों की बात करें तो अब तक मंडी में 8 लाख 40 हजार किवंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। जिसमें से मात्र 1 लाख 60 हजार किवंटल गेहूं का उठान हो पाया है। उठान ना होने के कारण आढ़तियों व किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार व प्रशासन द्वारा खरीद के 72 घंटे के बाद उठान किए जाने के दावे किए जा रहे है।

#### नशे से दूर रहने का किया आह्वान

**जींद।** एसडीएम सत्यवान मान ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। हमें मिल कर नशे के खिलाफ लड़ाई लडने की आवश्यकता है। नशे के खिलाफ सरकार की ये मुहिम सराहनीय है। हम सबको एकजुट होकर अभियान के साथ जुडना चाहिए। नशे जैसे विषयों के प्रति समाज में जागरूकता लाना अत्यंत आवश्यक है। इस कार्य में खाप पंचायत अहम भूमिका अदा कर सकती है। एसडीएम सत्यवान मान बुधवार को खाप के प्रतिनिधियों से साइक्लोथॉन 200 को लेकर चर्चा कर रहे थे। इस दौरान एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने खाप पंचायत के सभी प्रतिनिधियों से इस मुहिम के साथ ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुडने की अपील करते कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नशा मुक्त हरियाणा के संदेश को प्रदेश के जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेकर साइकिल यात्रा आगे बढ़ रही है।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते एसडीएम सत्यवान मान।



जींद। ज्ञापन सौंपते हुए छात्र। फोटो :हरिभूमि

#### सरकार ने जारी किया ये आदेश

**जींद।** सीआरएसयू विधि विभाग के छात्रों ने चेयरपर्सन को बेंच और क्लास संबंधित समस्याओं के बारे में अवगत करवाया। एबीवीपी नेता हिमेश यादव ने बताया कि छात्र हर साल 70 हजार रुपये प्रतिवर्ष फीस भर रहे हैं। जबकि छात्रों को क्लास में मूलभूत सुविधा तक भी नहीं मिल रही। इस दौरान विद्यार्थियों को संतुष्टि ना होने पर है विश्वविद्यालय की कुलसचिव से भी मिले जहां उन्होंने बेंच और क्लासेस नहीं लगने की समस्याओं के बारे में भी अवगत कराया। जिस पर विद्यार्थियों ने मामले को जल्द से जल्द संज्ञान में लेने को कहा।

---



जींद। पौधे रोपते हुए छात्र। फोटो :हरिभूमि

#### छात्रों को बताया प्रकृति संरक्षण का महत्व

**जींद।** छोटू राम किसान कालेज में विश्व पृथ्वी दिवस और विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण का महत्व बताया गया। प्राचार्य डा. कुलबीर सिंह रेढू द्वारा सभी विद्यार्थियों विशेषकर राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति सहज व संरक्षण के लिए प्रेरित किया और उनको प्रकृति संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय योजना के विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए पौधों में पानी की व्यवस्था की गई। इको क्लब के नोडल अधिकारी डा. जगबीर सिंह ने पृथ्वी दिवस विश्व के अवसर पर सभी विद्यार्थियों को फसलों के अवशेष नहीं जलाने की शपथ दिलवाई तथा सभी विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि वे अपने आसपास के लोगों को भी प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित करें।

# विद्यार्थियों ने सीखे कैमरा तकनीक और निर्देशन, संपादन, साउंड डिजाइन के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- जनसंचार विभाग में फिल्म मेकिंग विषय पर हुआ विस्तार व्याख्यान

चौधरी रणबीर सिंह विवि के जनसंचार विभाग द्वारा फिल्म मेकिंग विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया । इसका उद्देश्य जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों को फिल्म निर्माण की जटिल और रचनात्मक प्रक्रिया से परिचित कराना था। इस व्याख्यान में प्रमुख वक्ता के रूप में फिल्म निर्माता शिवराज गोयत ने शिरकत की। प्रतिभागियों को फिल्म मेकिंग के विभिन्न चरणों प्री प्रोडक्शन, प्रोडक्शन और पोस्ट प्रोडक्शन की बारीकियों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने कैमरा तकनीक, निर्देशन, संपादन, साउंड डिजाइन और वितरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। इस व्याख्यान के प्रश्नोत्तर सत्र में युवाओं ने फिल्म उद्योग से संबंधित जिज्ञासाओं को खुले मन से प्रस्तुत किया। जिनका वक्ता ने स्टीक और व्यावहारिक उत्तर दिया। जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डा. अजमेर सिंह ने बताया कि जनसंचार विभाग, विवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा और कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन के मार्गदर्शन में सकारात्मक दिशा की और आगे बढ़ रहा है और भविष्य में भी इस तरह के रचनात्मक और शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा ताकि उभरते कलाकारों को मंच और मार्गदर्शन मिल सके। जनसंचार विभाग के प्रभारी डा. बलराम बिंद ने बताया कि हरियाणा का फिल्म उद्योग लगातार आगे बढ़ रहा है और विभिन्न अवसर नए कलाकारों को उपलब्ध करवा रहा है और जनसंचार विभाग भी समय समय पर विभिन्न वेबसरीज के निर्देशक को बुला कर विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए कई व्याख्यान करवा चुका है ताकि समाज में हमारी नई पीढ़ी फिल्मों के जरिये अच्छे समाज का निर्माण करे।



जींद। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

#### प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

**जींद।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन बीबीपुर में अंग्रेजी भाषा दिवस का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी भाषाई प्रतिभा दिखाई। प्रधानाचार्य जतिन ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं छात्रों को अंग्रेजी भाषा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आज के वैश्विक युग में अंग्रेजी भाषा एक सेतु है। जो ज्ञानए रोजगार और संवाद को जोड़ती है। कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक शब्द खोज प्रतियोगिता हुई। इसमें नन्हें बच्चों ने पूरे विद्यालय परिसर में अंग्रेजी शब्दों की खोज कर अपनी चपलता और ध्यान केंद्रण का प्रदर्शन किया। इसके अलावा कविता वाचन ने भी सबका मन मोह लिया। कक्षा तृतीय से पंचम तक स्पेल बी प्रतियोगिता में छात्रों ने कठिन शब्दों की शुद्ध वर्तनी बता कर अपनी भाषायी दक्षता सिद्ध की।

---

**योजना** | विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने पत्र जारी कर दिए निर्देश

# पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा योजना

विद्यालय जाने के लिए एक किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने वाले बच्चों के बनेंगे पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय विद्यालयों में पढ़ रहे कक्षा पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों को निशुल्क विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा योजना उपलब्ध करवाने बारे विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने पत्र जारी किया है। जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी कर निर्देश दिए गए हैं कि सरकारी विद्यालयों में पढने वाले कक्षा पहली से 12वीं तक के ऐसे विद्यार्थियों के लिए जिन्हें विद्यालय जाने के लिए एक किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करनी होती है, निशुल्क यातायात की व्यवस्था वित्त वर्ष 2024.25 में आरंभ की गई थी। इस निशुल्क यातायात व्यवस्था का प्रबंधन संबंधित विद्यालय की स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) की ओर से किया जाएगा। इसके भुगतान के लिए विभाग संबंधित स्कूल मुखिया के बैंक खाते के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। यह व्यवस्था पहले से चिह्नित ब्लॉकों में यह योजना चालू वित्त वर्ष 2025-26 में जारी रखी जाएगी। इसका दृढ़ता से पालन किया जाए। यहां यह भी स्पष्ट किया जाता है कि स्कीम के अंतर्गत वित्त वर्ष 2024-25 में जारी की गई राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र और ब्याज से संबंधित राशि सरकार के रिसीप्ट हेड में जमा करवाकर सूचना निदेशालय को 30 अप्रैल तक परीक्षा शाखा की ई-मेल आईडी पर भिजवाना सुनिश्चित करें।

गौरतलब है कि शिक्षा निदेशालय की ओर से निशुल्क परिवहन व्यवस्था का लाभ लेने वाले विद्यार्थियों के घरों की स्कूल से दूरीए वाहनों की सूची और रूट मैप एमआइएस पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में कई ऐसे गांव जहां केवल प्राइमरी तक राजकीय स्कूल हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए उन्हें दूर गांव जाना पड़ता है। धूप, सर्दी और बरसात के मौसम में विद्यार्थियों को दूसरे गांव में जाते समय परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए निशुल्क विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा योजना शुरू की है।

#### ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को होगा लाभ

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा ने बताया कि राजकीय स्कूलों में पढने वाले विद्यार्थियों के लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से निशुल्क विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा योजना को लेकर पत्र जारी हुआ है। इसके तहत पहली से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी जो एक किलोमीटर की अधिक दूरी से आते हैं, वह योजना का लाभ उठा सकेंगे। यातायात व्यवस्था का प्रबंध स्कूल प्रबंधन कमेटी की ओर से किया जाएगा।




नरवाना। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

#### विश्व पृथ्वी दिवस मनाया

**नरवाना।** चिराग स्कूल नरवाना में पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस वर्ष की थीम अवर प्लैनेटए अवर पॉवर ;हमारा ग्रहए हमारी शक्तिद्ध रहीए जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक जिम्मेदारी और सामूहिक शक्ति को उजागर करना था। कार्यक्रम की शुरुआत एक विशेष प्रार्थना सभा से हुईए जिसमें छात्रों ने पृथ्वी की रक्षा से जुड़ी कविताएंए भाषण और नारे प्रस्तुत किए। सभी ने मिलकर यह शपथ ली कि वे पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। विद्यालय परिसर में पोस्टर मेकिंगए निबंध लेखन और स्लोगन लेखन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईंए जिनमें छात्रों ने अवर प्लैनेटए अवर पॉवर ;हमारा ग्रहए हमारी शक्तिद्ध थीम को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश वत्स ने अपने संबोधन में कहाए धरती हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

**खबर संक्षेप**

### चीका कालेज के दो छात्रों को मिला जॉब ऑफर

**गुहला-चीका।** राजकीय बहुतकनीकी चीका के लिए यह गर्व का विषय है कि पाइसॉफ्ट इन्फोमैटिक्स प्राइवेट लिमिटेड, मोहाली के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसी कार्यक्रम के तहत कंपनी ने कंप्यूटर इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया। इसमें दो विद्यार्थियों साक्षी और इसीइ को उसी समय जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए गए।

### गिरवी जमीन से फसल काटने को लेकर विवाद

**कैथल।** खरकां गांव में गिरवी रखी हुई जमीन से गेहूं की फसल काटने को लेकर विवाद हो गया। एक पक्ष के लोगों ने गुहला थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने चार नामजद सहित 10 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। खरकां निवासी सुखदेव राम ने बताया कि करीब तीन साल पहले उसने गांव के ही दर्शन राम से तीन एकड़ जमीन गिरवी रखी थी। 21 अप्रैल की शाम को वह, उसका भाई सिन्दरजीत, भाभी स्वर्ण कौर, पत्नी कर्मजीत देवी व बेटा गुरप्रीत राम गहने पर ली हुई जमीन से गेहूं कि कटाई करवा रहे थे।

### 25 को पूर्व सैनिक करेंगे रोष प्रदर्शन : जगजीत

**कैथल।** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के द्वारा 25 अप्रैल को रोष प्रदर्शन किया जाएगा। इस रोष प्रदर्शन का मुद्दा पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, सैनिकों की विधवाओं और डिसएबल सैनिकों की मांगों को लेकर यहां इकट्ठे होकर रोष प्रदर्शन के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौपना था लेकिन 22 को आतंकी हमला, असोबनिय तरीके से पर्यटकों पर कायरतापूर्ण ढंग से हुआ।




## हरियाणा सरकार प्रभावित किसानों की मदद की करे घोषणा: लखविंद्र

# गुहला के आधा दर्जन गांवों में खेतों में खड़े फानों में आग लगने से लाखों रुपये का चारा खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

यहां गुहला के करीब आधा दर्जन गांवों में सैकड़ों एकड़ खेतों में खड़े फानों में अचानक आग लगने से लाखों रुपयों का चारा जलकर स्वाहा हो गया। ग्रामीणों सतबीर सिंह, दिनेश, सुदेश, राम कुमार, दर्शन सिंह व सुमेर चंद आदि ने मौके पर पहुंचे पत्रकारों को बताया कि आग गुहला के गांव थेह पड़ता से शुरू हुई और थेह नेवल होते हुए गांव ककहेड़ी व अन्य गांवों में खड़े फानों में फैल गई। उन्होंने बताया कि हालांकि कुछ किसानों की गेहूं की फसल भी जली है परंतु अधिकतर फाने ही आग की भेंट चढ़े हैं। उन्होंने बताया कि हवा चलने के कारण आग तेजी से आगे बढ़ी और करीब आसपास के गांवों में पहुंच गई। उन्होंने बताया कि आग की लपटें इतनी तेज थी कि वह खेतों से होते हुए लोगों के घरों तक पहुंचने लगी, जिसके चलते किसानों व आम लोगों के हाथ पांव फूल गए और लोगों ने वृक्षों की टहनियों को तोडकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया।



### ट्रैक्टरों से लम्बी खाई खोद आग को बढ़ने से रोका

किसान हरविंद्र सिंह, जसविंद्र सिंह, धनपत राय, ज्ञान सिंह, चमेला राम, हरजोत व कृष्ण आदि ने बताया कि जब मौके पर काफी देर तक ना तो पुलिस पहुंची और ना ही कोई फायर ब्रिगेड की गाड़ी आई, तो उन्होंने एक वर्षों पुराने तरीके का इस्तेमाल किया और दर्जनों किसान अपने ट्रैक्टरों को लेकर खेतों में घुस गए और जहां आग नहीं पहुंची थी, वहां उन्होंने ट्रैक्टरों की हैरों के साथ लम्बी लम्बी खाइयां खोदनी शुरू कर दी, ताकि आग को आगे बढ़ने से रोका जा सके। किसानों ने बताया कि इसके अतिरिक्त उन्होंने पौधों की टहनियां तोड़ कर आग बुझाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि उक्त विधि से हालांकि आग पर सौ फीसदी काबू तो नहीं पाया गया परंतु जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियों नहीं पहुंची, तब तक यह प्रयोग काफी सफल रहा।

### पुलिस की 112 नम्बर चालक ने नहीं उठाया फोन

उपरोक्त लोगों व किसानों का गुस्सा आज पुलिस की 112 नम्बर की गाड़ी पर उतरा। ग्रामीणों ने कहा कि उक्त नम्बर पर उन्होंने कम से कम 50 फोन किए परंतु किसी ने फोन नहीं उठाया। यही हाल फायर ब्रिगेड़ के वाहन का भी रहा। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड के चीका, सीवन व कैथल तक फोन किए परंतु या तो फोन उठाए नहीं गए और या फिर उन्हें अनसुना कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि काफी देर बाद जाकर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों आई।

### जले चारे का मुआवजा दिया जाए: लखविंद्र

*किसान यूनियन के जिला प्रभारी लखविंद्र किंद्र ने किसानों के खेतों में खड़े चारे के जल जाने पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए हरियाणा सरकार से मांग की कि प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाए क्योंकि उनका चारा जल जाने से अब उनके पशुओं के लिए चारे का अभाव हो जाएगा और उन्हें अपनी जेब से चारा खरीदकर पशुओं को खिलाना पड़ेगा। उन्होंने मांग की कि सरकार किसानों को हुए नुकसान का जायजा ले और तुरंत मदद की घोषणा करे।*

### क्या कहना है फायर इंचार्ज सतपाल बख्शी का:

*गुहला फायर ब्रिगेड कार्यालय के इंचार्ज सतपाल बख्शी से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि आज एक साथ 3 स्थानों पर आग लगने की घटनाएं हुई, जिसके चलते जैसे ही उनके पास गुहला के गांव थेह नेवल के आसपास आग लगने की सूचना मिली, तो उन्होंने जहां फायर गाड़ियां गई हुई थी, वहां संदेश भेजा और वह स्वयं भी गए और कुछ समय बाद ही आग पर काबू पा लिया। उन्होंने देरी से फायर गाड़ियों के घटनास्थल पर पहुंचने के आरोपों को निराधार बताया।*




कैथल। अपनी मांगों को लेकर झाड़ू उलटा कर प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी।

### भाजपा सरकार ने 11 साल के कार्यकाल मे शहरी ग्रामीण सफाई कर्मियों का शोषण किया : शिवचरण

**कैथल।** नगर पालिका कर्मचारी संध हरियाणा की राज्य कमेटी के आह्वान पर आज नगर परिषद कैथल मे झाड़ू उल्टे लेकर गेट मीटिंग की ओर प्रदर्शन किया जिसमे भारी सख्या मे सफाई, दफ्तर व फायर के कर्मचारी शामिल हुए। अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान ने की संचालन ब्लॉक सचिव विक्की टांक ने किया। गेट मीटिंग मे नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य मुख्य संगठन कर्ता व एसकेएस के जिला प्रधान शिवचरण फायर के राज्य प्रधान व नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य उपप्रधान राजेन्द्र सिणंद, केंद्रीय कमेटी सदस्य जयप्रकाश व एसकेएस के जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा नगर पालिका कर्मचारी संघ से जिला प्रधान गौरव टांक ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए कहा कि राज्य सरकार लगातार नगर पालिकाओ, नगर परिषदो, नगर निगमो व फायर के कर्मचारियो के साथ वादा खिलाफी कर रही हैं। संघ के साथ 7-अगस्त 2024, 22 अक्टूबर 022 ओर 2018 मे मानी गई मांगो के परिपत्र जारी न करके वादा खिलाफी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि समझौते मे मानी गई मांगो मे सफाई व सीवरमैन को नियमित भर्ती प्रक्रिया के तहत पक्का करना, जींद मे महर्षि वाल्मिकी जयन्ती के अवसर पर सीएम द्वारा की गई घोषणा के अनुसार शहरी व ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को 27000 रुपए वेतन का लैटर जारी करना, 225 ठेकेदार के कर्मियो को पे रोल पर करना, गुरुग्राम के 26 पद अधिकारियो को बहाल करके उनके पिछले वेतन का भुगतान करना गुरुग्राम के प्रसाशन की ला लापरवाही के कारण जो कर्मचारी पे रोल पर नहीं हुए उन्हे पे रोल पर करने मे कानी कर रही है। इस अवसर पर राज कुमार मंचल, जगदीश कुमार ,पंकज गिल, रामशरण कल्याण, कपिल कल्याण, अमित कुमार क्योड़क, सूरज सोहोता, सुशील कुमार, सन्नी कांगडा, सुरेश कुमार कैलरम, दर्शन नोच, देशराज, राजेन्द्र कुमार, वर्ष रानी, सरोज, सुनहरी, फायर से सुरेन्द्र कुमार, सुल्तान, जगजीत आदि उपस्थित हुए।

### पहलगाम आतंकी घटना को लेकर विहिप कल करेगा विरोध प्रदर्शन

**सफीदों।** विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा ने बताया कि पहलगाम आतंकी घटना को लेकर विहिप आगामी 25 अप्रैल को राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। आतंकवादियों ने चुन-चुनकर हिंदू पर्यटकों को गोलियों से भुनने का कृत्य किया है। भारत सरकार को इस दिशा में कड़ी कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों को आतंकियों के सफाए की खुली छूट देनी चाहिए। आवश्यकता पड़े तो आतंकियों के लॉन्च पेड्स पर मिलिट्री एक्शन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ हिंदू होना ही जिसका मारने का पैमाना हो, उसके लिए आतंकवादी शब्द भी छोटा पड़ जाता है। ये आतंकवादी हमला नहीं था, बल्कि हिंदुओं का टारगेट बनाकर जनसंहार किया गया है। सरकार तो अपना काम करेगी ही, लेकिन अब हर हिंदू के जागने का वक्त आ गया है। पहलगाम में हुई इस अमानवीय घटना पर संपूर्ण देश स्तब्ध व आक्रोशित है। कश्मीर घाटी में आतंकवादियों के स्लीपर सेल आज भी मौजूद हैं जो पाकिस्तान के इशारे पर कभी भी आतंकवाद के इन घृणित घटनाओं को करने के लिए तत्पर रहते हैं। कुछ दिन पहले पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष ने कहा कि था हमारे सामने कश्मीर को वापस लेना ही एक मात्र एजेंडा रह गया है। यह कोई सामान्य आतंकवादी घटना नहीं अपितु, पाकिस्तान का भारत के विरुद्ध खुले युद्ध की घोषणा है।

*विशेष योग एवं ध्यान शिविर का आयोजन*

## एक स्वस्थ मां ही दे सकती है स्वस्थ बच्चे को जन्म : डॉ सचिन मांडले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिला नागरिक अस्पताल कैथल में गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष योग एवं ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया के मार्गदर्शन में गर्भवती महिलाओं को योग की सारगर्मित जानकारी दी गई। योग विशेषज्ञ डॉ एचएस हुडा ने कहा कि सकारात्मक विचार शक्ति की विकास ध्यान के माध्यम से ही संभव है। इसके साथ ही सात्विक आहार जैसे फल, अंकुरित दाल, सलाद, दूध, दही आदि गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को सही रखने में कारगर है। चंद्रभेदी प्राणायाम उच्च रक्तचाप में मददगार है। पीएमओ डा. सचिन मांडले और आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजलि श्योकन्द ने गर्भवती महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि गर्भावस्था में जैसा आचरण रहेगा, वैसे ही बच्चे में गुण विकसित होंगे। डॉ विनय गुप्ता ने मानसिक स्वास्थ्य बारे प्रकाश डाला। योग सहायक वीरेंद्र आर्य ने गर्भवती महिलाओं हेतु आसन प्राणायाम, ध्यान आदि विधियों का प्रशिक्षण दिया। गर्भवती महिलाओं को योग में अंगुली, कोहनी, कंधों, पैरों, घुटनों के सुक्ष्म व्यायाम, तितली आसन, भद्रासन आसन, सेतुबंधासन, अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम एवं ध्यान के अभ्यास करवाए गए।



## जल गुणवत्ता निगरानी एवं सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने को बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जल जीवन मिशन एवं ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं के प्रभावी संचालन, निगरानी तथा सामुदायिक सहभागिता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आज जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने अपने कार्यालय में सभी ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर्स की बैठक आयोजित की। बैठक में हाल ही में मुख्यालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुपालन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

दीपक कुमार ने निर्देश दिए कि प्रत्येक ब्लॉक रिसोर्स को-ऑर्डिनेटर्स अपने क्षेत्र में संबंधित जूनियर इंजीनियर, लैब सहायक के साथ समन्वय बनाते हुए सप्ताह में कम से कम एक बार गांव का संयुक्त दौरा सुनिश्चित करें। उन्होंने यह निर्देश दिया कि गांवों में ग्राम जल एवं सीवरेज कमेटी की बैठकों के दौरान जल गुणवत्ता की ऑन-द-स्पॉट जांच की जाए, क्लोरीन शेषता परीक्षण नियमित रूप से किया जाए और अवैध या अस्वच्छ कनेक्शनों की पहचान कर उन्हें हटाया जाए। इसके अतिरिक्त, सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों, आईईसी (सूचना, शिक्षा, संचार) का भी नियमित आयोजन सुनिश्चित किया जाए। जिला सलाहकार ने सभी ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर्स को निर्देशित किया कि जल संरक्षण की मुहिम को और आगे बढ़ाया जाए लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाए।

## गांव पीडल में धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान परशु राम का प्राकट्य दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

आने वाली 29 अप्रैल को भगवान परशु राम जी का प्राकट्य दिवस गांव पीडल में धूमधाम से मनाया जाएगा। गांव की ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम में गांव के सभी जाति धर्मों के लोग शामिल होंगे। आज गांव में रिटायर्ड जेई राम कुमार शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई और कार्यक्रम की सफलता को लेकर रूप रेखा बनाई गई। रिटायर्ड जेई राम कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ गांव के ही बुजुर्ग व्यक्तियों के हाथों से करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि भगवान परशु राम जी के प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में 1008 घी के दीपक जलाए जाएंगे। गांव वासी तरसेम शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में गांव पीडल के सभी जाति धर्म के लोग बढ़ चढकर भाग लेंगे और एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परशु राम विष्णु जी के छटे अवतार है और पूरी मानव जाति उन्हें अपना भगवान मानती है लेकिन कुछ लोगों ने परशु राम जी को एक जाति विशेष तक सीमित करके रख दिया है। तरसेम शर्मा ने कहा कि यदि भगवान श्री राम व श्री कृष्ण पर भी कुछ जातियां अधिकार जताने लगी तो समाज में एक खाई उत्पन्न हो जाएगी।



गुहला-चीका। पीडल में परशु राम के प्राकट्य दिवस की तैयारियां करते सदस्य।




विश्व पृथ्वी दिवस पर भाषण देते एनसीसी कैडेटस

### आरकेएसडी कॉलेज ने विश्व पृथ्वी दिवस मनाया

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) ने विश्व पृथ्वी दिवस को मुख्य प्रशिक्षण अधिकारी (सीटीओ) डॉ. रितु कंग और सहायक राष्ट्रीय प्रशिक्षक (एएनओ) डॉ. रघबीर लाम्बा के मार्गदर्शन में मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत में, लेफ्टिनेंट डॉ. रघबीर लाम्बा ने धरती पर जीवन की उत्पत्ति और वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी। डॉ. रितु कंग ने पृथ्वी दिवस के महत्व पर जोर देते हुए, पृथ्वी की रक्षा के लिए व्यक्तिगत योगदान पर बल दिया। कैडेट्स तैन्या, अंजली, निक्कू, प्रियंका और वंशिका ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। पृथ्वी दिवस का आयोजन पर्यावरण की रक्षा और सतत जीवन को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक जागरूकता और कार्रवाई को बढ़ाने के लिए किया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जब लोगों को पारिस्थितिकी चुनौतियों जैसे प्रदूषण, वनों की कटाई, और जलवायु परिवर्तन के समाधान के प्रति ठोस कदम उठाने के लिए प्रेरित किया जाता है। पहला पृथ्वी दिवस 1970 में मनाया गया था, और तब से यह 193 देशों में अरबों लोगों को शामिल करते हुए एक वैश्विक आंदोलन में विकसित हो गया है। प्रिंसिपल डॉ. सत्यबीर मेहला ने एनसीसी अधिकारियों द्वारा इस दिन को मनाने की की गई पहल की सराहना की ताकि छात्रों और समाज को पर्यावरण संरक्षण के महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रति जागरूक किया जा सके। कैडेट्स विपिन और अनित ने मंच का समन्वय किया।

### आतंकवाद पर सख्त रुख, यह मोदी का देश : मित्तल

**गुहला-चीका।** भारतीय जनता पार्टी हलका गुहला के मंडल अध्यक्ष संजीव मित्तल ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को कायरतापूर्ण और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना में जान गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों के परिजनों के साथ उनकी और सरकार की पूरी संवेदना है। मित्तल ने कहा कि केंद्र सरकार इस हमले का मुंहतोड़ जवाब देगी और पीड़ति परिवारों को न्याय दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

उन्होंने बताया कि जैसे ही हमले की खबर मिली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सऊदी अरब यात्रा बीच में छोड़ दिल्ली लौटकर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के साथ आपात बैठक की और आतंक के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। मित्तल ने दो टूक कहा कि आतंकवादियों को उनकी भाषा में ही जवाब मिलेगा और कोई भी दोषी बच नहीं पाएगा। उन्होंने कहा, /"यह मोदी का देश है, आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा। जम्मू-कश्मीर में अमन और विकास लौट रहा है, जिसे आतंकी पचा नहीं पा रहे।/" इस अवसर पर अमरजीत सिंह, मीडिया प्रभारी हलका गुहला भी मौजूद रहे।

## हिमांशी सरदाना ने छात्राओं को दिए ब्यूटी टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

उद्यमिता विकास कार्यक्रम के दूसरे और तीसरे दिन छात्राओं के लिए मेकअप कौशल, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व विकास से संबंधित प्रेरणादायक सत्रों का आयोजन किया गया। दूसरे दिन प्रसिद्ध पेशेवर मेकअप विशेषज्ञ हिमांशी सरदाना ने एक विशेष सत्र में छात्राओं को एक व्यावसायिक कौशल के रूप में मेकअप की बारीकियां सिखाईं। उन्होंने मूलभूत मेकअप के तरीके, विभिन्न त्वचा प्रकारों की पहचान, तथा मेकअप करते समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार छात्राएं इस कौशल को अपनाकर अपने लिए स्वरोजगार के अवसर उत्पन्न कर सकती हैं और एक पूर्ण व्यवसाय के रूप में इसे विकसित कर सकती हैं। तीसरे दिन सुश्री रूबी शर्मा ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार की हेयरस्टाइल की प्रशिक्षण दी और बालों की देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव भी सांझा किए। इन्हीं दिनों के दौरान रवि सर द्वारा /"एक सफल उद्यमी के गुण/" विषय पर एक अत्यंत रोचक सत्र लिया गया, जिसमें उन्होंने आत्मप्रेरणा, अवसरों की पहचान, समस्या समाधान की क्षमता और गुणवत्ता से कभी समझौता न करने जैसे गुणों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने यह भी बताया कि एक उद्यमी बनने के लिए ज्ञान, कौशल और प्रेरणा की आवश्यकता होती है। इन बातों को और अधिक प्रभावी ढंग से समझाने के लिए उन्होंने छात्राओं के साथ खेल आधारित गतिविधियाँ करवाईं, जैसे समस्या समाधान खेल और टॉवर निर्माण अभ्यास। इस अवसर पर श्री अजय शर्मा, डॉ. शशि, डॉ. बबिता, सुश्री रवीना एवं मनीषा , डॉ सुचेता , सुश्री नेहा मदान , सुश्री इशिका जी भी उपस्थित रहीं।




### मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में नॉनस्टॉप विकासः सुभाष हजवाना



सीएम नायब सैनी से मुलाकात करते हुए सुभाष हजवाना।

**पूंडरी।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष हजवाना ने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में सुशासन और विकास की रफ्तार नॉनस्टॉप चल रही है। उन्होंने यह बात चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री निवास में शिष्टाचार भेंट के पश्चात पूंडरी कार्यालय में बातचीत करते हुए कही।हजवाना ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात के दौरान पूंडरी हल्के की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। हरियाणा सरकार ने स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़कों, बिजली व अन्य मूलभूत सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी व पारदर्शिता से चल रही सरकार ने विकास योजनाओं को न केवल धरातल पर उतारा है, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सुनिश्चित किए हैं। प्रदेश का शहरी ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र भी स्वयं को विकास की मुख्यधारा से जुड़ा हुआ महसूस कर रहा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी आज जन-जन के विश्वास और उम्मीद का प्रतीक बन चुके हैं।

**कार्यक्रम** ओजस्वी साध्वी देववाणी और साध्वी देवगरिमा ने कराए योगासन

# स्वस्थ्य व्यक्ति दे सकता राष्ट्र निर्माण में योगदान : साध्वी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से योग गुरु बाबा रामदेव की परम विदुषी एवं ओजस्वी साध्वी देववाणी और साध्वी देवगरिमा द्वारा बुधवार को कैथल के ताऊ देवीलाल पार्क में योग शिविर का आयोजन किया गया। यहां पहुंचने पर साध्वियों का राज्य प्रभारी अमर राविश, निधि, बीरभान, अनिल कुमार आदि द्वारा फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। साध्वी देववाणी और देवगरिमा ने अपनी ओजपूर्ण वाणी से आप ने हम सभी को जीवन के मानवीय मूल्यों का बोध कराया और बताया कि एक गृहस्थ को अपने जीवन में किस प्रकार पांच यज्ञों का पालन करते हुए एक उच्च कोटि का जीवन जीना है और अपने समाज को बेहतर बनाना है । उन्होंने बताया कि योग के माध्यम से ही हम स्वस्थ रहकर समाज व देश सेवा का कार्य कर सकते हैं। यदि हम स्वयं स्वस्थ नहीं होंगे तो देश व समाज के बारे में सोच भी नहीं सकेंगे। उन्होंने कहा कि आज की भागमभाग की जिंदगी में हमें योग ही शांति दिला सकता है।

आज हम देखते हैं कि करोड़ों रुपये हासिल कर भी मनुष्य स्वयं को खाली सा महसूस करता है तथा हर समय दुख व टेंशन में नजर आता है। यदि हम नित्यप्रति योग व प्राणायाम करेंगे तो हम साधन व शांति के मार्ग पर आगे बढ़ सकते हैं। इस अवसर पर सूबे सिंह राविश, तहसील प्रभारी बीरभान, प्रमोद शर्मा, नरेश कुमार आदि उपस्थित थे।




कैथल। साध्वी देववाणी और देवगरिमा कैथल में योगासन करवाते हुए व साध्वियों का कैथल पहुंचने पर स्वागत करते योग साधक।

## खबर संक्षेप

### पशु अस्पताल से दवाई तथा उपकरण चोरी

**जींद।** गांव खटकड़ में बीती रात चोरों ने पशु अस्पताल को ताला तोड़ कर दवाइयों तथा उपकरणों को चोरी कर लिया। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव खटकड़ पशु अस्पताल के वीएलडीए सौरभ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने अस्पताल का ताला तोड़ कर स्टोर से दवाइयों तथा उपकरणों को चोरी कर लिया।

### स्टांप विक्रेताओं का अधिवेशन 27 को

**नरवाना।** स्टाम्प विक्रेता की समस्याओं पर चिंतन करने एवं सरकार से निवारण करवाने हेतु हरियाणा स्टाम्प विक्रेता एसोसिएशन अपना वार्षिक अधिवेशन आगामी 27 अप्रैल दिन रविवार को कुरुक्षेत्र में आयोजित करने जा रहा है। इस अधिवेशन की अध्यक्षता हरियाणा स्टाम्प विक्रेता एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष शर्मा करेंगे। अधिक जानकारी देते हुए हरियाणा स्टाम्प विक्रेता एसोसिएशन के प्रदेश कोषाध्यक्ष अर्जुन गोयल ने बताया कि यह अधिवेशन पिपली कुरुक्षेत्र के यूथ हॉस्टल में आयोजित किया जाएगा।

### महाविद्यालय में मनाया विश्व अर्थ और बुक डे

**सफीदों।** नगर के राजकीय महाविद्यालय में विश्व अर्थ व बुक डे ऑनलाईन माध्यम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने की। इस मौके पर बतौर मुख्यवक्ता एपीसीसीएफ हरियाणा के आईएफएस एसपी पांडे ने शिरकत की। एसपी पांडे ने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग और हरित ऊर्जा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की।

### बिनैन खाप के पूर्व प्रधान की पुत्रवधू का निधन

**नरवाना।** सर्वजातीय बिनैन खाप व सर्वभारत खापों के पूर्व प्रधान स्वण नफेसिंह नैन की पुत्रवधू का मंगलवार देर रात निधन हो गया। हरियाणा कृषक समाज के प्रांतीय प्रधान चौण ईश्वर सिंह नैन ने जानकारी देते हुए बताया की उनके बड़े भाई राजकुमार की धर्मपत्नी शिला देवी उम्र लगभग 55? वर्ष जो की उनकी रिश्ते में भाभी थी जिनका निधन लम्बी बीमारी के चलते हुए हुआ है। जिसका बुधवार को सुबह दस बजे उनके पैतृक गांव दनौदा में हुआ। ईश्वर सिंह नैन ने साथ ही कहा की आज उनका पूरा परिवार आज शोक में डूबा हुआ है।

### दादा लखमी चंद के पड़पौत्र का किया अभिंनदन

**सफीदों।** सूर्य कवि पंडित दादा लख्मीचंद के पड़पौत्र चेतन कौशिक बुधवार को सफीदों की राजीव कालोनी स्थित काली मंदिर पहुंचे। इस मौके पर राजपुरोहित पुरुषोत्तम कौशिक, आचार्य गोपाल कौशिक व ज्योतिषाचार्य गोविंद कौशिक ने चेतन कौशिक का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर चेतन कौशिक ने मां काली के सम्मुख शीश नवाया व पूजा-अर्चना की। चेतन कौशिक सूर्य कवि पंडित दादा लख्मीचंद के पड़पौत्र है और उन्होंने दादा पर फिल्म का निर्माण किया।

---

### यात्रा में सैकड़ों साइक्लिस्टों ने लिया भाग

# उचाना और जींद पहुंची साइक्लोथॉन यात्रा, नशे के खिलाफ दिया संदेश

**वर्तमान में नशा मुक्ति अभियान को जन आंदोलन बनाने की जरूरत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम नायब सिंह सैनी के आह्वान पर प्रदेश भर में ड्रग्स फ्री हरियाणा के संकल्प के साथ चल रही साइक्लोथॉन 2.0 साइकिल यात्रा डूमरखा कलां से उचाना हलके की सीमा में प्रवेश किया। डूमरखा कलां पहुंचने पर साइक्लोथॉन यात्रा का हिस्सा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री बने। विधायक ने कहा कि युवा पीढ़ी में फैल रही नशे की लत अत्यंत भयंकर है और वर्तमान में नशा मुक्ति अभियान को जन आंदोलन बनाने की जरूरत है। हर आदमी खुशहाल जिंदगी जी सके इसके लिए सरकार द्वारा नशा मुक्त हरियाणा बनाने के संदेश को जन जन तक पहुंचाने के लिए साइक्लोथॉन निकाली जा रही है। सरकार व प्रशासन नशे की बुराई को समाप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और इस प्रयास को जमीनी स्तर पर हकीकत में बदलने में आम जन को भी भूमिका निभानी चाहिए। अत्री ने कहा कि नशेड़ी व्यक्ति का स्वयं का जीवन ही बर्बाद नहीं होता बल्कि उसके परिवार को भी अपूरणीय तबाही की ओर ले जाता है।

युवा पीढ़ी को नशा की बुराइयों बारे सचेत करने और नशा मुक्त जीवन जीने के प्रति राज्य सरकार द्वारा साइक्लोथॉन यात्रा का निकालना सराहनीय कदम है। साइक्लोथॉन का उद्देश्य जमीनी स्तर पर तभी सार्थक होगा जब इसमें जन साधारण की अत्यधिक भागीदारी होगी। लिहाजा प्रत्येक व्यक्ति विशेषकर युवा पीढी इस यात्रा के संदेश को आत्मसात करें और साथ ही नशा से दूर रहें। साइक्लोथॉन का नेतृत्व कर रहे एसआई डा. अशोक कुमार ने लोगों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई।





जींद। एसआई डा. अशोक कुमार का स्वागत करते हुए छात्रा व नरवाना के बिधरना में पहुंची साइकिल यात्रा। फोटो : हरिभूमि



जींद। नशे के खिलाफ निकाली गई साइकिल यात्रा में शामिल गणमान्य लोग।

#### गांव बिधराना में स्वागत

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आह्वान पर प्रदेश भर में ड्रग्स फ्री हरियाणा के संकल्प के साथ चल रही साइक्लोथॉन 2.0 साइकिल यात्रा ने बुधवार सुबह कैथल से चलकर जिले के गांव बिधराना में जींद जिला की सीमा में प्रवेश किया। बिधराना पहुंचने पर साइक्लोथॉन यात्रा का जिला प्रशासन की तरफ से नरवाना के एसडीएम जगदीश चंद्र तथा डीएसपी अमित भाटिया ने स्वागत किया। उन्होंने यात्रा का नेतृत्व कर रहे एसआई डा. अशोक कुमार तथा उनके साथ अन्य साइक्लिस्टों को पुष्प गुच्छ भेंट किए। गांव में आगमन पर ग्रामीणों व स्कूली बच्चों ने पुष्प वर्षा के साथ भव्य अगुवाई की। गांव के स्कूल में साइक्लिस्टों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई और अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम जगदीश चंद्र ने कहा कि हरियाणा उदय के तहत चल रही इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य ड्रग्स फ्री यानी नशा मुक्त हरियाणा बनाना है और युवा पीढी को नशे से दूर रहने का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों से गुजर रही यात्रा का यह दूसरा चरण है और नशीले एवं मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने के प्रति युवाओं में सार्थक प्रेरणा इस यात्रा से पैदा हो रही है। एसडीएम ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशा की बुराइयों बारे सचेत करने और नशा मुक्त जीवन जीने के प्रति राज्य सरकार द्वारा साइक्लोथॉन यात्रा का निकालना सराहनीय कदम है। साइक्लोथॉन का नेतृत्व कर रहे एसआई डा. अशोक कुमार ने नशा मुक्ति अभियान को जन जागरण बनाने के प्रति कार्यक्रम में मौजूद लोगों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई।

---

# साइक्लोथॉन यात्रा के कार्यक्रम में बदलाव




जींद। गोहाना रोड ब्लॉक होने से परेशान छात्राएं।

- पहलगाम में हुए नरसहांर के चलते राष्ट्रीय शोक घोषित किया
- शुक्रवार को हरी झंडी दिखा किया जाएगा यात्रा को रवाना
- यात्रा को लेकर प्रशासन ने गोहाना रोड किया ब्लॉक, लोग हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा प्रदेश में नशे के खिलाफ निकाली जा रही साइक्लोथॉन यात्रा वीरवार सुबह जींद से हिसार की तरफ रवाना होनी थी लेकिन पहलगाम में हुए नरसहांर के चलते राष्ट्रीय शोक घोषित कर दिया गया है। इसलिए अब वीरवार को होने वाला कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में सीएम नायब सैनी पहुंचेंगे या नही, इस बारे में आगामी सूचना दी जाएगी।

साइक्लोथॉन यात्रा को लेकर प्रशासन द्वारा इसे लेकर तैयारियां बुधवार को शुरू कर दी गई थी। बाकायदा गोहाना रोड को चारों तरफ से ब्लॉक कर दिया गया था और यहां स्टेज निर्माण का कार्य किया गया। जिसके चलते लोगों को परेशानी भी हुई। अब शुक्रवार को यह कार्यक्रम होगा।

#### कैथल जिले से जींद जिले में प्रवेश कर गई यात्रा

कैथल से चली साइक्लोथॉन यात्रा बुधवार को कैथल जिले से जींद जिले में प्रवेश कर गई। वीरवार सुबह छह बजे सीएम नायब सैनी द्वारा इस रैली को हरी झंडी दिखा कर आगे के लिए रवाना किया जाना था। इसे लेकर तैयारियां की जा चुकी हैं। पुराने बस अड्डे पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होना था लेकिन पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद देश में राष्ट्रीय शोक घोषित कर दिया गया है।

#### पुराने बस अड्डे पर जाम

साइक्लोथॉन यात्रा को लेकर पहले परशुराम चौक पर कार्यक्रम का आयोजन होना था लेकिन इस स्थान को बदल कर पुराना बस स्टैंड के पास रजबाहा लाल बत्ती पर कर दिया गया। इसके चलते यहां जाम की स्थिति बन गई। गोहाना रोड पर लंबा जाम लग गया। वाहन चालकों को गोहाना रोड, रजबाहा रोड पर जाने के लिए रास्ता नहीं मिला तो उन्हें दूसरे रास्तों से गुजरना पड़ा।

---

# भारत विकास परिषद फतेहपुर-पूंडरी शाखा ने साइक्लोथॉन यात्रा का स्वागत किया

- नशा मुक्ति की दिशा में हर नागरिक भूमिका निभाए

**पूंडरी।** हरियाणा में नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में आयोजित नशा विरोध साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा जब पुंडरी पहुंची, तो भारत विकास परिषद फतेहपुर-पूंडरी शाखा द्वारा उसका स्वागत और जलपान की व्यवस्था की गई।जैसे ही यात्रा पूंडरी में दाखिल हुई, विधायक सतपाल जांबा एवं यात्रा के नेतृत्वकर्ता डॉ. अशोक वर्मा का फूलमालाओं से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन पर फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। परिषद द्वारा जलपान में प्रतिभागियों के लिए फल, पानी, चाय और जीरा वाटर की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के संयोजक विनोद बग्गा रहे। विधायक सतपाल जांबा ने नशा विरोध साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा में भाग लेकर समाज में नशे के खिलाफ मजबूत संदेश दिया। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन अपनाने की अपील की। उन्होंने इस यात्रा को समाज को जागरूक करने की एक सकारात्मक पहल बताया और कहा कि नशा मुक्ति की दिशा में हर नागरिक को अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

जांबा ने कहा कि इस तरह के प्रयास न केवल नशे के खिलाफ जनजागरण फैलाते हैं, बल्कि सामाजिक एकता और जागरूकता को भी बढ़ावा देते हैं।



पूंडरी। साइकिल यात्रा का स्वागत करते हुए भाविप सदस्य। फोटो : हरिभूमि

---

# साइक्लोथॉन यात्रा के आगमन ने सुधारी शहर की सड़कों की हालात

- सफीदों रोड पर बने गहरे गड्ढों के दर्द से वाहन चालकों को मिली

**जींद।** जींद शहर की बदहाल सड़कों पर बने गड्ढों के दर्द से वाहन चालकों को साइक्लोथॉन यात्रा ने राहत दिलवाई है। शहर के सपफीदों रोड से यात्रा गुजरने को लेकर जारी किए गए रूट प्लान के हिसाब से पीडब्ल्यूडी ने गहरे गड्ढों पर पेचवर्क का मरहम लगाया है। इससे वाहन चालकों को कई महीनों बाद राहत मिली। इसके अलावा शहर की सड़कों व गलियों में बने गड्ढों को भरवाने के लिए नप ने टेंडर लगवाया है। नगर परिषद ने शहर की सड़कों व गलियों में बने गड्ढों को भरवाने के लिए 49 लाख रुपये की लागत का टेंडर लगाया है। इसकी बिड आगामी सप्ताह में खोली जाएगी। नगर परिषद शहर के सुधार के लिए लगातार टेंडर जारी कर रही है। शहर के अंदर कुछ सड़कें व गलियां ज्यादा बदहाल थी। इनके सुधार की मांग को लेकर लोगों ने नगर परिषद के चेयरपर्सन से भी मांग की थीए लेकिन अब सुधार के लिए टेंडर जारी कर दिया गया। जल्द ही इन गहरे गड्ढों से शहरवासियों को मुक्ति मिलेगी।

**सफीदों रोड पर कई माह से बने थे गड्ढे**

शहर के सफीदों रोड पर निर्जन गांव के नजदीक फ्लाईओवर से लेकर सफीदों गेट तक गहरे गड्ढे सड़क पर बने हुए थे। रात के समय यहां पर बाइक चालकों व कार चालकों का निकलना मुश्किल होता था। इसके अलावा फ्लाईओवर से सफीदों रोड पर उतरते समय मुख्य मार्ग पर एक से डेढ फीट के गहरे गड्ढे



जींद। पैचवर्क में लगे कर्मचारी।

---

# ड्रग फ्री हरियाणा की अलख जगाते कैथल से रवाना हुई साइक्लोथॉन यात्रा

- विधायक सतपाल जांबा व ज्योति सैनी ने दिखाई हरी झंडी

**कैथल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नशा मुक्त हरियाणा की सोच को आगे बढ़ाते हुए साइक्लोथॉन यात्रा बुधवार को जींद जिला के लिए रवाना हो गई। यात्रा के दौरान युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं, खिलाड़ियों व दिव्यांगजनों ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज करवाई। जिस उत्साह और उमंग के साथ साइक्लोथॉन यात्रा का कैथल जिले में स्वागत हुआ, उसी जोश एवं विश्वास के साथ विदाई की गई। पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, एडीसी दीपक बाबूलाल करवा, डीएसपी सुशील प्रकाश सहित अन्य ने बुधवार प्रातः पुलिस लाइन गणमान्य व्यक्तियों के साथ साइक्लोथॉन यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि साइक्लोथॉन यात्रा प्रदेश की भावी पीढ़ी तथा युवाओं के लिए चरित्र निर्माण की दिशा में प्रेरणादायी साबित हो रही है। साइकिल का एक एक पैडल ड्रग फ्री हरियाणा की इस मुहिम को ताकत प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश तो इस कहावत से विख्यात है कि जित दूध-दही का खाणा, वो म्हारा हरियाणा। नशा व्यक्ति, परिवार व समाज का नाश कर देता है।



कैथल। भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी और विधायक सतपाल जांबा यात्रा को हरी झंडी दिखाते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

# जिंदल की मोबाइल यूनिट ने पूंडरी में 101 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

**पूंडरी।** कुरुक्षेत्र लोकसभा से सांसद नवीन जिंदल द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट ने सोमवार को सेठ झंडामल धर्मशाला पूंडरी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर क्षेत्रवासियों को निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान कीं।शिविर के दौरान यूनिट में तैनात एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा मरीजों की जांच कर उन्हें परामर्श दिया गया और निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।

इस मौके पर रक्त जांच और यूरिन टेस्ट की भी सुविधा उपलब्ध करवाई गई, जो पूरी तरह निःशुल्क रही।शिविर का शुभारंभ करते हुए निधि मोहन ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल द्वारा यह एक सराहनीय पहल है, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह यूनिट लगातार विभिन्न क्षेत्रों में शिविर लगाकर आमजन को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है।आज के कैंप में कुल 101 मरीजों की जांच कर उन्हें दवा दी गई, वहीं 24 लोगों का रक्त और मूत्र परीक्षण किया गया।



पूंडरी। सांसद नवीन जिंदल मेडिकल वैन स्वास्थ्य जांच करते हुए।

---

# आंबेडकर जयंती पखवाड़ा मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजकीय महाविद्यालय राजौंद में भारतीय संविधान की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान अभियान के तहत सामाजिक अध्ययन क्लब,राजनीतिक विज्ञान विभाग, लीगल लिटरेसी क्लब,मानव अधिकार क्लब, महत्वपूर्ण दिवस कमेटी व अन्य कमेटियों के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर संविधान निमार्ता जयंती पखवाड़ा मनाया गया। जानकारी देते हुए प्राचार्य ने बताया कि 14 अप्रैल से 28 अप्रैल तक है पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करवाया किया गया। जैसे रैली, पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन प्रतियोगिता, क्विज और प्रस्तावना वाचन। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने जन-जन को जागरूक किया। पोस्टर मेकिंग व निबंध लेखन के द्वारा विद्यार्थियों ने डॉक्टर बी आर अंबेडकर के विचार व उनका भारतीय संविधान में योगदान जैसे मौलिक अधिकार, संविधान के प्रावधान पर अपने विचार लिखें। संविधान के प्रावधान, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य व राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत जैसे विषयों से संबंधित क्विज प्रतियोगिता करवाई।



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

---

# पूर्व सरपंच एसोसिएशन मंत्री कृष्ण बेदी को सौंपेगी ज्ञापन

- 24 अप्रैल को पंचायत दिवस के अवसर हरियाणा के सभी ब्लॉक के सरपंच पहुंचेंगे, पेंशन बढ़ौतरी, किराया भत्ता जैसी कई मागें उठाई जाएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

पंचायत दिवस के अवसर पर पूर्व सरपंच एसोसिएशन हरियाणा द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री व नरवाना विधायक कृष्ण बेदी को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

कार्यकारी प्रधान एवं पूर्व सरपंच एसोसिएशन हरियाणा के प्रधान डॉ. जोगिन्द्र श्योकंद बडनपुर ने प्रेस के माध्यम से बताया कि पूर्व सरपंचों की पैंशन बढ़ौतरी, किराया भत्ता, स्वास्थ्य आयुष्मान कार्ड, डीए, आवासीय ऋण आदि मुख्य मांगें हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व सरपंचों को पद के अनुसार सम्मान भत्ता दिया जाए, क्योंकि 1000 रूपये महीना यानि 33 रूपये रोजाना भत्ता पूर्व सरपंचों के साथ अन्याय है। उन्होंने बताया कि आगामी 24 अप्रैल को पंचायत दिवस के अवसर हरियाणा के सभी ब्लॉक के सरपंच एसोसिएशन के पदाधिकारी व अन्य मिलकर मंत्री कृष्ण बेदी के कार्यालय में एकत्रित होंगे तथा मंत्री कृष्ण बेदी को ज्ञापन के माध्यम से अपनी समस्याओं से अवगत करवाएंगे ताकि सामाजिक, राजनैतिक व अन्य गतिविधियों में भाग लेने में समस्या न आए।

---

# बालेन्द्र शर्मा का स्वागत किया

- भाजपा कार्यालय कपिल कमल में पहुंचे मुजफ्फराबाद के कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भाजपा कार्यालय कपिल कमल में भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी से उत्तर प्रदेश के जिला मुजफ्फराबाद के गांव लोई से कार्यकर्ता बालेन्द्र शर्मा इकराम प्रधान शिवकुमार पंडित और आशू का भाजपा कार्यालय में आना हुआ। जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि कार्यकर्ताओं का यह स्नेह और प्यार मेरे जीवन की अनमोल पूंजी है। आप लोगो द्वारा दिया यह सम्मान मेरे लिए ऊजार्दायक है जो मुझे निरंतर सेवा करने के लिए प्रेरित करता हैं।

आप लोगों के इस प्यार और सम्मान के लिए आप सबका बहुत बहुत धन्यवाद। भाजपा कार्यालय में सुबह से ही कार्यकर्ताओं और आम जनमानस का आना शुरू हो जाता है। आम आदमी कभी भी जिलाध्यक्ष के पास अपनी शिकायत लेकर आ सकते है। उनकी समस्या का तभी समाधान किया जाता है। कार्यकतार्ओं के जोश से ही मुझे कार्य करने की शक्ति प्राप्त होती है। इस मौके पर सुरेश संधू, जिला मीडिया प्रभारी राज रमन दीक्षित, विजय भारद्वाज, प्रदीप भट्ट, कृष्ण पिलनी, शक्ति सौदा, धर्मेंद्र कुमार, रोशन सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।



कैथल। भाजपा कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी का स्वागत करते हुए ।

---

**विकास** शहरी विकास प्राधिकरण सेक्टर सात में 1 लाख 92 हजार 278 रुपये की राशि करेगा खर्च

# सेक्टरों की सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त, की जाएगी, मैन हॉल की मरम्मत की जाएगी

**अलग-अलग जगह से सीवरेज के मैनहॉल पर 1 लाख 99 हजार 440 रुपये खर्च होंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सेक्टरों में शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। इसके लिए सेक्टर सात में 192278 रुपये की राशि खर्च की जाएगी। वहीं सेक्टर नौ में अलग-अलग जगह से सीवरेज के मेनहॉल की 199440 रुपये से मरम्मत होगी। इसके अलावा सेक्टर 11 में बूस्टिंग स्टेशन के जेनसेट पर शेड का निर्माण करवाया जाएगा। इस पर 199294 रुपये की राशि खर्च होगी। इसके लिए एचसवीपी ने टेंडर लगाए गए हैं। इसकी ऑनलाइन बिड अप्रैल माह के अंत में खुलने की संभावना है। गौरतलब है कि सेक्टर छह, सात, आठ और नौ सहित सेक्टर 10 और 11 में सीवरेज आवेरफ्लो की समस्या रहती है। सेक्टरों में सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त करने का जिम्मा शहरी विकास प्राधिकरण का रहता है। खासकर सेक्टर छह, सात, आठ और नौ में सीवरेज का बुरा हाल है। सेक्टर सात में सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या के चलते पिछले दिनों सेक्टरवासियों ने समाधान शिविर में भी शिकायत दी थी। इसके बाद एचएसवीपी के अधिकारियों ने सफाई कर्मचारियों को मौके पर भेजकर सीवरेज की पाइप लाइन को ठीक किया था।



जींद। सेक्टरों में मौजूद गंदगी। फोटो : हरिभूमि

#### एजेंसी काम करेगी

एचएसवीपी जेई अनुज ढांडा ने बताया कि टेंडर अलॉट होने के बाद संबंधित एजेंसी की ओर से काम किया जाएगा। सेक्टरों में सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर एचएसवीपी प्रयासरत है। इसके लिए टेंडर लगाए हैं। जिसकी ऑनलाइन बिड अप्रैल माह के अंत में खुलेगी।